Amenities on N.G. Sections of Northern Railway

7280. Shri Hem Raj: Will the Minister of **Railways** be pleased to state the amenities proposed to be provided on the Narrow Gauge sections (sectionwise) in the different divisions of the Northern Railway during 1967-68 and the sum proposed to be spent on them?

The Minister of Railways (Shri C. M. Poonacha): A statement is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-1251/67].

स्कूटरों का निर्माण

7281. **श्री रघुविर सिंह शास्त्री** : क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने को कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात लघु उद्योग निगम ने स्कूटरों का निर्माण करने के हेतु लाइसेंस प्राप्ति के लिये केन्द्रीय सरकार को आवेदन पत्र दिया है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में क्या निर्णय किया है;

(ग) यह प्रस्तावित कारखाना किसके सहयोग से स्थापित किया जायेगा तथा इस पर कितना लागत आने का अनुमान है और इसके लिए विदेशी मुद्रा की कितनी आवश्यकता होगी;

(घ) इसकी वार्षिक निर्माण क्षमता कितना होगी तथा इसमें कब से निर्माण होने लगेगा ; और

(ङ) स्कूटरों के निर्माण के लिए लाइसेंस प्राप्ति के लिए अन्य उद्योगपतियों द्वारा दिये गये आवेदन पत्रों में उल्लिखित उत्पादन क्षमता विदेशी मुद्रा तथा विक्रय मूल्य संबंधी तुलनात्मक आंकड़े क्या हैं ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, हां ।

(ख) स्कूटरों के निर्माण के लिए कुछ अन्य योजना के साथ साथ यह योजना भी अभी तक सरकार के विचाराधीन है ।

(ग) से (ङ) : चूंकि गुजरात लघु उद्योग निगम का आवेदन तथा अन्य आवेदन अभी विचाराधीन है और उन पर कोई निर्णय नहीं किया गया है, अतः इस समय इनके विवरणों की घोषणा करना उपयुक्त नहीं पड़ता है ।

चाय का निर्यात

7282. **श्री रघुबीर सिंह शास्त्री**: क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जुलाई, 1966 से लेकर जून, 1967 तक की अवधि में चाय निर्यात में, विशेषकर ब्रिटेन, रूस, संयुक्त अरब गणराज्य और आस्ट्रेलिया को, बहुत कमी हो गई है ;

(ख) विभिन्न देशों को किये जाने वाले चाय के निर्यात के आंकड़े क्या हैं तथा निर्यात में कमी होने से कितनी विदेशी मुद्रा का नुकसान हुआ है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इन देशों को पाकिस्तान से होने वाले चाय के निर्यात में वृद्धि हुई है ; और

(घ) यदि हां, तो इस क्षेत्र में पाकिस्तान को बढ़ती हुई प्रतियोगिता का मुकाबला करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री दिनेश सिंह) : (क) से (घ). जानकारी एकत्र की जा रही है और यथा समय सभा पटल पर रख दी जायेगी ।